



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल

कक्षा 7 समाधान



CGBSE Book Solutions
(Hindi Medium)

aglasem.com





छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल

कक्षा 8 समाधान



CGBSE Book Solutions
(Hindi Medium)

aglasem.com

CG Board Class 7th Science Solutions

Chapter - 6

Chapter Name - (सजीव जगत में संगठन)

Page No.58, Chapter: 06

प्रश्न 1- पौधों में पाए जाने वाले ऊतकों के नाम एवं उसके कार्य लिखिए।

उत्तर :- पौधे में पाए जाने वाले ऊतक एवं कार्य निम्न है :-

1. प्रविभाजी ऊतक :- ये ऊतकों के कारण तने और जड़ की लम्बाई बढ़ती है।

2. त्वचीय ऊतक :- (i)यह ऊतक तना ,जड़ ,पत्तियाँ ,फल ,फूल एवं जीव का बाह्य आवरण बनाता है।

(ii)यह ऊतक प्रकाश -संश्लेषण की क्रिया करने में सहायक है।

(iii)पत्तियों में गैसीय आदान -प्रदान में सहायक है।

(iv)जड़ो में पानी के अवशोषण में सहायक करता है।

3. संवहनी ऊतक :- भोजन तथा खनिज लवणों को पौधे के विभिन्न अंग तक पहुँचाता है।

4. भरण ऊतक :- (i)यह पौधों को सहारा देता है।

(ii)पत्तियों में यह प्रकाश संश्लेषण द्वारा भोजन का निर्माण करता है।

(iii)पौधो की जड़ो में भोजन संग्रहण करता है।

Page No.: 58 , Chapter: 06

प्रश्न 2 - संवहन बंडल क्या है ?पौधों के लिए इनका क्या महत्व है ?

उत्तर :- संवहन बण्डल :-

पौधों में जाइलम और फ्लोएम का पाये जाने वाला समूह संवहन बण्डल कहलाता है।

संवहन बण्डल का महत्व :-

schools.aglasem.com

aglasem.com

जाइलम का कार्य जल एवं खनिज लवण को जड़ से पत्तियों तक लेकर जाना होता है ,जबकि फ्लोएम का कार्य पत्तियों में बने भोजन को पेड़ के अन्य भागो तक पहुंचाना है। इन्हे रसवाहिनी कहते है।

Page No.58 , Chapter: 06

प्रश्न 3 - हाथी के शरीर की कोशिकाएं बड़ी होंगी या चींटी की शरीर की ?लिखिए।

उत्तर :- हाथी के शरीर में कोशिकाओं की संख्या अधिक हो सकती है,परन्तु हाथी जैसे बड़े जीवधारियों में भी कोशिकाओं की आकार छोटे जीवो जैसे चींटी के शरीर की कोशिकाओं के समान ही होंगे क्योंकि एक समान कार्य करने वाली कोशिकाओं की आकृति एवं आकार समान होता है।

Page No.60, Chapter: 06

प्रश्न 1 - क्या होता है यदि -

1. पेशीय ऊतक की कोशिकाओं में फैलने और सिकुड़ने की क्षमता नहीं होती।

उत्तर :- पेशीय ऊतक की कोशिकाओं में फैलने और सिकुड़ने की क्षमता नहीं होती तो हमारे शरीर में गति नहीं होती।

2. हमारे शरीर में रक्त नहीं होता।

उत्तर :- हमारे शरीर में रक्त नहीं होता तो ऑक्सीजन ,भोजन, उत्सर्जी पदार्थ आदि का पूरे शरीर में पहुंचने का कार्य संभव नहीं होता।

3. हमारे शरीर में तंत्रिका कोशिकाएं नहीं होती।

उत्तर :- तंत्रिका कोशिकाएं संवेदनाओं को शरीर के विभिन्न भागों तथा मस्तिष्क तक पहुँचाती है। इनके कारण हमे फूलो की खुशबु, चॉकलेट का स्वाद, मधूर संगीत, अथवा चोट का अनुभव होता है।

Page No.61 , Chapter: 06

प्रश्न 1 - सही उत्तर चुनकर लिखें

1. जीव जगत के संगठन का सबसे निम्न स्तर है -

schools.aglasem.com

aglasem.com

(क)अंग (ख)ऊतक (ग) कोशिकाएं (घ) शरीर

उत्तर :- कोशिकाएं

2. तना बना होता है -

(क) त्वचीय ऊतक से (ख)संवहनीय ऊतक से

(ग) भरण ऊतक से (घ)उपरोक्त सभी ऊतकों से

उत्तर :- त्वचीय ऊतक से

3. हमारे शरीर की त्वचा बनी होती है -

(क) एपीथीलियल (ख)कंकाल से

(ग) रक्त से (घ)तंत्रिका ऊतक से

उत्तर:- तंत्रिका ऊतक से

4. ऊतक की कोशिकाएं -

(क) केवल समान रचना वाली होती है।

(ख) केवल समान कार्य करने वाली होती है।

(ग) रचना और कार्य में भिन्न होती है।

(घ समान रचना और समान कार्य करने वाली होती है।

उत्तर :- समान रचना और समान कार्य करने वाली होती है।

5. जीव जगत के संगठन का उच्चतम स्तर है -

(क) जाति (ख) जीवमंडल (ग) समुदाय (घ) पारिस्थितिक तंत्र

उत्तर :- जीवमंडल

Page No. - 62 ,Chapter - 6

प्रश्न 2 - रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -

1. बहुकोशिक जंतुओं में विभिन्न _____ मिलकर अंगतंत्र बनाते है।

उत्तर :- अंग

schools.aglasem.com

aglasem.com

2. जड़ और तने के अगले सिरे पर _____ ऊतक पाया जाता है।

उत्तर :- प्रविभाजी

3. कोशिका ____ अंग _____ शरीर

उत्तर :- ऊतक, अंग तंत्र

4. जैव समुदाय में सभी _____ और _____ जंतु आते है।

उत्तर :- पौधे ,जीव

5. जीव _____ समुदाय _____ जीव मंडल

उत्तर :- जाति ,परिस्थितिक तंत्र

6. अमीबा ,पैरामीशियम _____ जीव है।

उत्तर :- एक कोशीय

7. पौधो की जड़ो का _____ ऊतक पानी के अवशोषण का कार्य करते है।

उत्तर :- त्वचीय

8. हड्डियों और रक्त _____ ऊतक है।

उत्तर :- संयोजी

9. पेशीय ऊतक की कोशिकाएं _____ और _____ हो सकती है।

उत्तर ;- फ़ैल ,सिकुड़

Page No. - 62 ,Chapter - 6

प्रश्न 3 - दिए गए कथनों में सही व गलत की पहचान कर कथनों को सही कर लिखें -

1. संवहनी ऊतक के कारण जड़ और तने की लम्बाई बढ़ती है।

उत्तर :- गलत

schools.aglasem.com

aglasem.com

सही कथन :- प्रविभाजी ऊतक के कारण जड़ और तने की लम्बाई बढ़ती है।

2. पत्तियों में बने हुए भोजन को जाइलम के द्वारा पौधे के दूसरे भागों में पहुंचाया जाता है।

उत्तर :- गलत कथन

सही कथन :- पत्तियों में बने हुए भोजन को फ्लोएम के द्वारा पौधों के दूसरे भागों में पहुंचाया जाता है।

3. उत्सर्जन तंत्र के विभिन्न अंग तंत्रिका कोशिकाओं से बने होते है।

उत्तर :- गलत कथन

सही कथन - तंत्रिका के विभिन्न अंग ,तंत्रिका कोशिकाओं से बने होते है।

4. प्रत्येक सजीव अपने पर्यावरण में उपस्थित सजीवों पर निर्भर होता है।

उत्तर :- गलत

सही कथन - प्रत्येक जीव अपने पर्यावरण में उपस्थित दूसरे जीवों और निर्जीव पदार्थ पर निर्भर होते है।

5. पृथ्वी के सारे जीव मंडल मिलकर पारिस्थितिक तंत्र बनाते है।

उत्तर :- गलत कथन

सही कथन :- पृथ्वी के सारे पारिस्थितिक तंत्र मिलकर जीवमंडल बनाते है।

Page No. - 62 ,Chapter - 6

प्रश्न 4 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये -

1. यदि किसी तालाब में मछलियों के अलावा अन्य सभी सजीव समाप्त हो जाये तो क्या होगा ?लिखिए।

उत्तर :- वहां की मछलियां समाप्त हो जाएगी क्योंकि मछलियां अपने पर्यावरण अर्थात तालाब में रहने वाले दूसरे जीव -जन्तुओ एवं निर्जीव पर निर्भर रहती है। जीव जंतुओं को अपना भोजन बनाकर ये मछलिया जीवित रहती है तालाब एक पारिस्थितिक तंत्र है। इसलिए तालाबों में मछलियां के साथ अन्य जीव भी समाप्त हो जायेंगे।

schools.aglasem.com

aglasem.com

Page No. - 62 ,Chapter - 6

2 . यदि पृथ्वी पर उपस्थित सारी वनस्पति समाप्त हो जाए तो हमारे जीवन पर क्या असर होगा ?लिखिए।

उत्तर :- पृथ्वी पर उपस्थित सारी वनस्पतियां समाप्त हो जाएगी तो हमारा जीवन भी समाप्त हो जायेगा क्योंकि पेड़ पौधो से ही हमारे श्वसन क्रिया पूर्ण होता है और वनस्पतियो से ही भोजन मिलता है। वनस्पतियां समाप्त हो जाएगी तो खाद्य श्रृंखला टूट जायेगा। जीवन समाप्ति की ओर चला जायेगा।

Page No. - 62 ,Chapter - 6

3. सजीव जगत में संगठन के निम्न स्तर का रेखाचित्र बनाइए।

उत्तर :- कोशिका →ऊतक →अंग →**अंगतंत्र** →जीव का शरीर।



प्रश्न 4 -निम्नलिखित के नामांकित चित्र बनाइए -

(क) तंत्रिका कोशिका

schools.aglasem.com

aglasem.com



(ख) तने की काट



aglasem.com

schools.aglasem.com

aglasem.com